Seat No. : _______________

# AD-104

**April-2015**

**B.A., Sem.-VI**

**Hindi : Core - 312**
**(Hindi Vyakaran)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) दीर्घ प्रश्नों का उत्तर **900** शब्दों में लिखिए ।

(2) संक्षेप प्रश्नों का उत्तर **450** शब्दों में लिखिए ।

(3) **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. संज्ञा की परिभाषा देकर, संज्ञा के प्रकार बताइए । **14**

**अथवा**

वर्ण की परिभाषा देकर, वर्णों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए ।

2. अव्यय की परिभाषा देकर, अव्यय के प्रकार बताइए । **14**

**अथवा**

विशेषण की परिभाषा देकर, विशेषण के प्रकार बताइए ।

3. कारक और विभक्ति पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

उपसर्ग और प्रत्यय का विस्तार से परिचय दीजिए ।

4. रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार बताइए । **14**

**अथवा**

संक्षेप में लिखिए :

(अ) अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार

(ब) वाक्य का स्वरूप ।

5. सूचनानुसार कीजिए : **14**

(अ) दिए गए विकल्प में से सही विकल्प पसंद कर लिखिए :

(1) साबरमती, आबू, राम में _______ संज्ञा है । (समूहवाचक, जातिवाचक, व्यक्तिवाचक)

(2) संप्रदान कारक की विभक्ति ________ है । (को, के, लिये, से, का, के, की)

(3) कहने वाले और सुनने वाले के सिवा जो सर्वनाम आता है उसे _______ सर्वनाम कहते हैं । (उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष)

(4) जो विशेषण कृदंत से बनते हैं उसे ________ विशेषण कहते हैं । (क्रियावाचक, सार्वनामिक, परिमाणबोधक)

(5) क्रिया के मुख्य ________ अर्थ है । (पाँच, छह, सात)

(ब) दिए गए विधान सही हैं या गलत बताइए :

(1) वाह ! वाह ! शाबाश, धन्यवाद विस्मयादिबोधक अव्यय है ।

(2) संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रियाविशेषण में लगने वाले प्रत्यय तद्धित प्रत्यय कहलाते हैं ।

(3) क्रिया के मुख्य तीन भेद हैं ।

(4) 'त वर्ग' की ध्वनियों के उच्चारण स्थान को 'तालव्य' कहते हैं ।

(5) 44 वर्णों के अलावा अनुस्वार (ं) और विसर्ग (:) एवं चन्द्रबिन्दु (ँ) की भी उच्चारण की दृष्टि से वर्णों में गिनती होती है ।

(क) सही जोड़ें मिलाइए :

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| (अ) अति, उप, सत | (i) कृदंत |
| (ब) अत, आहट, आवट | (ii) संस्कृत उपसर्ग |
| (क) में, पर | (iii) व्यंजन |
| (ड) स्वर की सहायता से उच्चरित वर्ण | (iv) अधिकरण कारक |

___________